देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 18 अंक: 226 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...
गर्म राजनीतिक माहौल



देहरादून, शनिवार, 16 दिसंबर 2023

# पेज श्री



मौसम | अधिकतम 19.0° | न्यूनतम 9.0° | 66023.69

2 बलूचिस्तान में तेज हुआ विरोध प्रदर्शन | 7 सिराज को मिला बेस्ट मेडल

# अराजकता फैलाने की साजिश

## मामले का मास्टरमाइंड ललित झा को कोर्ट ने 7 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई। संसद भवन के अंदर और बाहर बवाल करने के मामले में मुख्य आरोपी बताए जा रहे ललित झा को कोर्ट ने 7 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट से 15 दिन की हिरासत की मांग की थी। दरअसल, गुरुवार की रात ललित ने पुलिस स्टेशन में सरेंडर कर दिया था। वो संसद में बवाल के बाद राजस्थान भाग गया था। मामले में पहले गिरफ्तार किए गए ललित झा और महेश को पुलिस इस पूरे मामले का मास्टरमाइंड मान रही है। पुलिस कस्टडी के बाद संसद में सुरक्षा की चूक मामले में अब दिल्ली पुलिस ललित से पूछताछ करेगी। साथ ही पुलिस ने और भी कई प्लान बनाए हैं।

महेश की भूमिका का पता चलने के बाद ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। स्पेशल सेल सूत्रों के मुताबिक महेश को भी 13 दिसंबर को संसद में हंगामा वाली घटना में शामिल होना था, लेकिन फिर बाद में यह तय हुआ कि जब घटना को अंजाम देकर सभी फरार होंगे, तब उन्हें राय देने और उनके ठहरने आदि का बंदोबस्त करने के लिए कौन होगा। इसके बाद यह तय हुआ कि महेश नागौर में ही रहेगा। दरअसल, दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के टीचर ललित झा की हिरासत की मांग की। ललित ट्यूशन पढ़ाने का काम करता है। पुलिस ने पटियाला हाउस कोर्ट को बताया कि ललित झा ने हमले की पूरी साजिश रची थी। ललित ने ही सागर, मनोरंजन, नीलम और अमोल से संसद के अंदर और बाहर उपद्रव मचवाया था। कोर्ट ने ललित को 7 दिनों के लिए पुलिस कस्टडी में भेज दिया है।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि ललित झा को कई शहरों और जगहों पर ले जाना है। इसके अलावा सभी आरोपियों के मोबाइल भी बरामद किए जाने हैं जिससे कि इस हमले का मकसद पता चल सके।

दिल्ली पुलिस की प्राथमिकी के अनुसार, लोकसभा कक्ष में धुआं का कैन खोलने वाले दो व्यक्तियों ने जूते के निचले हिस्से की मोटी परतों को काटकर उसमें कैन छिपाने की जगह बनाई थी और उसमें उसे छिपा रखा था। दोनों आरोपी सागर शर्मा और मनोरंजन डी के जूते में अतिरिक्त रबर जोड़कर उसमें जगह बनाई गई थी। दोनों आरोपियों के पास से दो पर्चे भी बरामद किए गए थे।

### लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही 18 दिसंबर तक स्थगित

संसद की सुरक्षा में हुई चूक को लेकर हंगामा काफी तेज हो गया है। फिलहाल, इस मुद्दे पर चर्चा को लेकर लोकसभा और राज्यसभा में हंगामा काफी तेज हो गया। इसके बाद ही दोनों सदनों की कार्यवाही को 18 दिसंबर तक स्थगित कर दिया गया है। संसद में हुई सुरक्षा उल्लंघन पर पूरे परिसर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।



### जला डाले सारे फोन?

दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में कहा, पुलिस यह पता लगा रही है कि सभी आरोपी एक-दूसरे के संपर्क में कैसे आए। सबूत जुटाने के लिए पुलिस ललित को लेकर कई राज्यों और शहरों में जा सकती है। दरअसल, जब संसद के अंदर और बाहर उपद्रव मचाया गया तब ललित झा भी वहां मौजूद था। वो फोन से आरोपियों के वीडियो शूट कर रहा था। वो चारों आरोपियों के फोन लेकर भाग गया। जब वो सरेंडर करने पहुंचा तब उसके पास फोन नहीं मिले। सूत्रों का कहना है कि ललित ने चारों फोन जला दिया है। पुलिस पूछताछ में उसने यह बात कबूला भी है। लेकिन पुलिस आरोपियों के फोन तक पहुंचना चाहती है जिससे की यह केस जल्द से जल्द सॉल्व किया जा सके।

### ललित झा के टीएमसी के कई नेताओं से संबंधः भाजपा

बंगाल भाजपा ने संसद में घुसपैठ मामले के मास्टरमाइंड ललित झा के तृणमूल कांग्रेस के कई नेताओं से संबंध होने का दावा करते हुए प्रमाण के तौर पर कुछ तस्वीरें एक्स पर पोस्ट की हैं। अब जो तस्वीरें पोस्ट की गई हैं, उनमें ललित तापस राय के अलावा तृणमूल युवा कांग्रेस के महासचिव सौम्य बक्सी और पार्टी नेता राजेश शुक्ला के साथ भी दिख रहा है। भाजपा की ओर से कहा गया है कि ललित की तापस राय, सौम्य बक्सी और राजेश शुक्ला के साथ तस्वीरें चिंताजनक संबंध की ओर इशारा कर रही है। तस्वीर पर टीएमसी नेता तापस राय ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा था कि बंगाल भाजपा अध्यक्ष को परिपक्व होने की जरूरत है।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम धामी ने राजस्थान के सीएम एवं डिप्टी सीएम को दी बधाई

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को रामनिवास बाग जयपुर, राजस्थान में नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने भजनलाल शर्मा के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन एवं भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राजस्थान सर्वांगीण विकास के पथ पर अग्रसर होगा।

### हवा की गुणवत्ता में फिलहाल कोई सुधार नही

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की वायु गुणवत्ता शुक्रवार को भी बहुत खराब श्रेणी में ही बनी रही। एयर इंडेक्स 300 के पार रिकार्ड किया गया। अनुमान है कि अभी अगले कई दिन इस स्थिति में बहुत बदलाव होने की कोई संभावना नहीं है। शुक्रवार को दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 323 रहा।

# ईदगाह परिसर के सर्वे पर रोक से इनकार

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद में मुस्लिम पक्ष को सुको से भी लगा झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद मामले में मुस्लिम पक्ष को सुप्रीम कोर्ट से भी झटका लगा है। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है। बता दें कि कल यानी गुरुवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे ईदगाह परिसर के सर्वे को मंजूरी दी थी। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी।

गौरतलब है कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि, कटरा केशवदेव परिसर की सर्वे रिपोर्ट के लिए कमीशन जारी करने की अर्जी को स्वीकार कर लिया है। कमीशन की संरचना व रूपरेखा तय करने के लिए 18 दिसंबर की तारीख तय हुई है। जस्टिस मयंक कुमार जैन ने ये फैसला दिया।

मामले में भगवान श्रीकृष्ण विराजमान कटरा केशव देव भी वादी हैं। अधिवक्ता हरिशंकर जैन व विष्णु जैन ने कहा कि कटरा केशव देव के नाम दर्ज पूरी जमीन भगवान श्रीकृष्ण जन्मस्थान है, जो 13.37 एकड़ में है। इसमें शाही मस्जिद ईदगाह स्थित है। कमीशन जारी होने से दस्तावेजी सबूत हासिल होंगे। इस दौरान ज्ञानवापी विवाद में भी कमीशन जारी होने का हवाला दिया गया।

### 9 जनवरी को होगी अगली सुनवाई

वकील विष्णु शंकर जैन ने कोर्ट के फैसले की अधिक जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि शाही ईदगाह मामले में जो इलाहाबाद हाईकोर्ट ने आदेश पारित किया था, उस आदेश को आज वर्चुअली शाही ईदगाह मस्जिद ने और सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। उन्होंने मांग की थी की इलाहाबाद हाईकोर्ट की कार्रवाई पर रोक लगा दी जाए। सुप्रीम कोर्ट ने इसे इनकार कर दिया, कोर्ट ने कहा यह केस 9 जनवरी के लिए निर्धारित है हम उसी दिन उसको सुनेंगे।



# मुंबई इंडियंस ने हार्दिक पाड्या को बनाया कप्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। मुंबई इंडियंस ने आईपीएल की नीलामी से पहले बड़ा फैसला लिया है। उसने आगामी सीजन के लिए ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को कप्तान नियुक्त किया है। हार्दिक टूर्नामेंट में रोहित शर्मा की जगह कमान संभालेंगे। रोहित 10 सालों तक मुंबई के कप्तान रहे। उन्होंने पांच बार टीम को चैंपियन भी बनाया। हार्दिक इससे पहले गुजरात टाइटंस की कप्तानी कर चुके हैं। उन्होंने दो बार टीम को फाइनल तक पहुंचाया। 2022 में गुजरात की टीम चैंपियन बनी थी और 2023 में चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ फाइनल हारी थी। रोहित फ्रेंचाइजी के लिए आगामी सीजन में खेलेंगे। रोहित शर्मा 2013 में मुंबई के कप्तान बने थे। उनकी कप्तानी में ही मुंबई ने अपने सभी पांच खिताब जीते। रोहित ने 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 में टीम को चैंपियन बनाया था।

जयवर्धने ने कहा, हम रोहित शर्मा के असाधारण नेतृत्व के लिए उनका आभार व्यक्त करते हैं। 2013 से मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में उनका कार्यकाल असाधारण से कम नहीं है। उनके नेतृत्व ने न केवल टीम को अद्वितीय सफलता दिलाई है बल्कि आईपीएल के इतिहास में सबसे बेहतरीन कप्तानों में से एक के रूप में अपनी जगह भी बनाई।

### घोषणा

■टीम के लिए खेलते रहेंगे पांच बार के विजेता रोहित शर्मा

**भविष्य की तैयारी की दिशा में यह बड़ा कदम**

मुंबई इंडियंस के ग्लोबल हेड ऑफ परफॉर्मेंस महेला जयवर्धने ने कहा कि भविष्य की तैयारी की दिशा में यह बड़ा कदम है। मुंबई इंडियंस को सचिन से लेकर हरभजन सिंह और रिकी पोंटिंग से लेकर रोहित शर्मा तक हमेशा असाधारण नेतृत्व मिला है, जिन्होंने तत्काल सफलता में योगदान देने के साथ-साथ भविष्य के लिए टीम को मजबूत करने पर भी नजर रखी है।


Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development: All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding: 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation: A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.
Contact: Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# राजस्थान में भजनलाल सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भाजपा नेता भजनलाल शर्मा ने राजस्थान के मुख्यमंत्री पद एवं गोपनीयता की शपथ ले ली है। इस शपथ समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य कई राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल हुए। इस दौरान शर्मा के साथ-साथ दो उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और

### दीया कुमारी और बैरवा ने ली डिप्टी सीएम पद की शपथ

प्रेमचंद बैरवा भी शपथ ले ली है। राज्यपाल कलराज मिश्र ने तीनों को शपथ दिलाई। बता दें कि ये कार्यक्रम जयपुर में अल्बर्ट हाल के सामने आयोजित हुआ।

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को कहा कि राजस्थान के नए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एक समर्पित भाजपा कार्यकर्ता हैं जिन्होंने पार्टी को मजबूत करने के लिए सराहनीय प्रयास किए और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

मोदी ने कहा, राजस्थान में भाजपा सरकार राज्य के लोगों के विश्वास और आशा पर खरा उतरने के लिए कड़ी मेहनत करेगी। उन्होंने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले दीया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा को भी अपनी शुभकामनाएं दीं।

# मालदीव के राष्ट्रपति मोइज्जू पर फिर दिखा ड्रैगन का डर

## पीएम मोदी के साथ किया सर्वे का समझौता तोड़ा

समझौता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

माले। मालदीव ने भारत के साथ हाइड्रोग्राफिक सर्वे समझौता रद्द कर दिया है। जल विज्ञान के क्षेत्र में सहयोग और खोज के लिए दोनों देशों के बीच ये समझौता हुआ था। जिसे लगातार भारत विरोधी रुख दिखा रही मोहम्मद मोइज्जू की सरकार ने कैंसिल करने का ऐलान किया है। हाल ही में राष्ट्रपति मोइज्जू ने भारत से मालदीव में मौजूद अपने अपने सैनिकों को वापस बुलाने के लिए कहा था। इसके बाद अब उन्होंने भारत सरकार के साथ पहले से चल रहे हाइड्रोग्राफिक सर्वे को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। मोइज्जू को चीन का करीबी समझा जाता है और वह लगातार भारत विरोधी रुख का इजहार करते रहे हैं। उनके इस फैसले के पीछे भी चीन का ही दिमाग होने की बात मानी जा रही है।




भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मालदीव के तत्कालीन राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सालेह के बीच जून 2019 में ये समझौता हुआ था। इस समझौते के तहत भारत को मालदीव के क्षेत्रीय जल का हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने के साथ–साथ चट्टानों, लैगून, समुद्र तट और ज्वार के स्तर का अध्ययन और चार्ट बनाने की इजाजत मिली थी। पांच साल के लिए ये समझौता हुआ था। ऐसे में इस साल जून में ये खत्म हो रहा है और इसे फिर से रिन्यू किया जाना है लेकिन मोइज्जू ने इस द्विपक्षीय समझौता को आगे बढ़ाने के बजाय खत्म करने का फैसला लिया है।

मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय के अफसर मोहम्मद फिरोजुल अब्दुल खलील ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा, हमारी सरकार ने भारत के साथ 7 जून 2024 को समाप्त होने जा रहे हाइड्रोग्राफी समझौते को रिन्यूअल नहीं करने का फैसला किया है। इस समझौते की शर्तों के मुताबिक अगर कोई पक्ष इससे बाहर आना चाहता है, तो उसे छह महीने पहले दूसरे पक्ष को सूचित करना होगा। अगर कोई भी पक्ष इससे बाहर आने की जानकारी नहीं देता है तो फिर शर्तों के अनुसार दोनों देशों के बीच यह समझौता खुद ही 5 साल के लिए और बढ़ जाता। फिरोजुल ने कहा कि मालदीव समझौते पर आगे नहीं बढ़ना चाहता है। ऐसे में मालदीव सरकार ने अपने फैसले से भारतीय उच्चायोग को अवगत करा दिया है। अब ये एग्रीमेंट अगले साल जून में खत्म हो जाएगा।

भारत को लेकर राष्ट्रपति मोइज्जू का हाल के दिनों में ये दूसरा अहम फैसला है। इस महीने की शुरुआत में मोइज्जू ने कहा था कि भारत सरकार मालदीव से अपने सैनिकों को वापस बुलाने पर सहमत हो गई है। जो उनके लिए चुनाव प्रचार के समय से ही मुद्दा था। इस मुद्दे पर दुबई में सीओपी शिखर सम्मेलन के मौके पर चर्चा की गई थी। यहां मोइज्जू ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों नेताओं में सैनिकों की वापसी पर सहमति बनी थी।

## न्यूज डायरी



### अंजू ने अरविंद से तलाक की बात को बताया अफवाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अंजू करीब 5 महीने पाकिस्तान में रहने के बाद भारत लौटी है। अंजू पाकिस्तान से लौटी तो उसके भारतीय पति अरविंद ने कहा था कि वह उसका मुंह भी नहीं देखना चाहता है। दोनों के बीच अभी तक काफी तल्खी दिख रही थी लेकिन अब दोनों में बात होने लगी है। अंजू ने खुद इसका खुलासा किया है। अंजू ने कहा है कि उसकी अरविंद से भी बात हो रही है और बच्चों से भी। अंजू ने ये भी कहा कि उसने अभी तक अरविंद से तलाक नहीं मांगी है। अंजू ने अभी तलाक को लेकर कोई जल्दी बाजी भी नहीं दिखाई है। अंजू ने अपने वकील के साथ एक स्थानीय चैनल से बातचीत में कहा कि अरविंद से तलाक की बात अफवाह है। मैंने किसी भी कोई में अरविंद से तलाक के लिए कोई अर्जी नहीं दी है ना फिलहाल मैं ऐसा करने जा रही हूं। इस पर अभी मैं सोचकर फैसला लूंगी। अंजू के वकील ने भी ये कहा कि उनकी ओर से तलाक का कोई केस फाइल नहीं किया गया है। साथ ही अंजू ने ये भी कहा कि अब उनकी बच्चों से और अरविंद से फोन पर बातचीत हो रही है। बता दें कि अंजू की शादी राजस्थान के रहने वाले अरविंद से हुई थी और उनके दो बच्चे हैं। इस साल जुलाई में वह अपने फेसबुक फ्रेंड नसरुल्ला से मिलने पाकिस्तान चली गई थीं। पाकिस्तान जाने के बाद अंजू और नसरुल्ला की शादी की तस्वीरें और मैरिज सर्टिफिकेट भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

### म्यांमार में समझौते को मजबूर हुई सेना और विद्रोही दल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रंगून। म्यांमार में चल रहे गृहयुद्ध में अब एक नया मोड़ आ गया है। म्यांमार की सेना और विद्रोहियों के बीच में एक समझौता हुआ है। चीन के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी करके इसकी जानकारी दी है। उसने कहा कि चीन की मध्यस्थता के बाद म्यांमार की सेना और नैशनल डेमोक्रेटिक अलायंस, तांग नेशनल लिबरेशन आर्मी और अराकान आर्मी के बीच चीन में शांति बातचीत हुई थी। इसमें दोनों पक्षों के बीच एक समझौता हुआ है और अस्थायी सीजफायर का ऐलान किया गया है। चीन ने कहा कि दोनों ही पक्ष आपस में बातचीत करते रहेंगे। इससे पहले चीन की सेना ने म्यांमार की सीमा पर जोरदार सैन्य अभ्यास किया था और घातक तोपों को तैनात किया था। चीन की सेना ने दोनों ही पक्षों से साफ कह दिया था कि तत्काल लड़ाई बंद करो और बातचीत की मेज पर आओ। इसके बाद म्यांमार के संघर्षरत गुट वार्ता की मेज पर आए। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने इस बात की पुष्टि की है कि चीन ने बातचीत कराई थी। माओ ने कहा कि चीन उत्तरी म्यांमार में शांति प्रक्रिया को अपना समर्थन देता है।

### खैबर पख्तूनवा प्रान्त के टांक जिले में हुआ है हमला, 3 पुलिसकर्मियों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रान्त के टांक जिले में पुलिस मुख्यालय पर हुए आत्मघाती हमले में तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गई है। दो अन्य पुलिसकर्मी घायल भी हुए हैं। मरने वालों में एक असिस्टेंट सब–इंस्पेक्टर भी शामिल है। सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई में तीनों हमलावरो को भी मार गिराया गया है। शुक्रवार सुबह ये घटना हुई है। जिसके बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और हमलावरों के साथियों के छुपे होने की आंशका में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पाक अखबार द डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, शुक्रवार सुबह टांक जिले की पुलिस लाइन में घुसते हुए अंधाधुंध गोलियां बरसा दीं। पाक पुलिस के जवानों ने इन पर जवाबी फायरिंग की। पुलिस की फायरिंग में दो हमलावर मारे गए जबकि तीसरे हमलावर ने खुद को उड़ा लिया। टांक पुलिस के प्रवक्ता के अनुसार, हमलावर के शरीर पर बंधे बम से हुए धमाके में एक सब इंस्पेक्टर सहित तीन पुलिसकर्मियों की जान चली गई। टांक जिला पुलिस अधिकारी इफ्तिखार शाह ने बताया है कि पुलिस लाइन में मौजूद सभी टुकड़ियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। आसपास और भी आतंकवादियों की मौजूदगी के अलर्ट के बाद तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

## अब शिया मुस्लिम देश ईरान ने भारतीयों को दिया तोहफा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तेहरान। ईरान की सरकार ने भारत समेत 33 देशों के लोगों को फ्री वीजा का तोहफा दिया है। ईरान ने अपने देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यह बड़ा कदम उठाया है। अमेरिकी प्रतिबंधों की वजह से ईरान की अर्थव्यवस्ध्था काफी संकट में चल रही है और इसी वजह से उसने फ्री वीजा का दांव चला है। ईरान एक शिया देश है जहां भारत से बड़े पैमाने पर शिया मुस्लिम तीर्थ यात्रा पर जाते हैं। इसके अलावा भी बड़ी संख्ध्या में भारतीय ईरान की यात्रा पर जाते हैं। ईरान के इस कदम से भारतीय यात्रियों को बहुत राहत होगी।

ईरान ने जिन देशों के लोगों को वीजा फ्री किया है, उसमें रूस भी शामिल है जिसके साथ उसकी दोस्ध्ती इन दिनों अपने चरम पर चल रही है। ईरान के संस्कृति मंत्री इज्जातुल्ला जारघामी ने कहा कि बुधवार को एक सरकारी बैठक के दौरान वीजा की जरूरत को रद करने पर सहमति बनी है। ईरान के इस कदम से रूस के नागरिकों को बहुत फायदा होगा जो अभी विदेश जाने में बहुत मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। अमेरिका ने यूक्रेन युद्ध की वजह से रूस पर कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए हैं। ईरान ने सऊदी अरब के लोगों के लिए भी वीजा की जरूरत को खत्म कर दिया है।



## समुद्र के नीचे मिला 4000 साल पुराना पाषाण काल का खजाना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रोम। वैज्ञानिकों ने समुद्र के नीचे करीब 130 फीट की गहराई में काला सोना खोज निकाला है। पाषाण युग के दौरान समुद्र में यात्रा करने वाले 4,000 साल पुराने एक जहाज के बिखरे मलबे से ये काला सोना मिलने का दावा किया गया है। दरअसल वैज्ञानिकों को कुछ खास किस्म के टुकड़े मिले हैं, जो ओब्सीडियन से बने हैं। ओब्सीडियन का उपयोग कटिंग टूल्स बनाने के लिए किया जाता रहा है। हजारों साल पुराने जहाज की मलबे से ये टुकड़े इटली के कैपरी में खोजे गए हैं। इन टुकड़ों को ही वैज्ञानिक काला सोना का कह रहे हैं। खोजकर्ताओं को उम्मीद है कि इस खोज से कैपरी और भूमध्य सागर में प्राचीन जीवन के बारे में काफी अहम जानकारी मिल सकती है।

## पाकिस्तान के बाद ईरानी पुलिसकर्मियों का काल बने बलूच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

### पुलिस मुख्यालय पर हमला, 12 की मौत

तेहरान। पाकिस्तानी सेना और चीनी नागरिकों पर हमले करने वाले बलूच विद्रोही अब ईरान के लिए भी बड़े संकट का सबब बन गए हैं। ईरान के सिस्तान–वा– बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार को एक पुलिस मुख्यालय पर हुए भीषण हमले में कम से कम 12 पुलिसकर्मी मारे गए हैं। यही नहीं कई पुलिसकर्मी बुरी तरह से घायल हो गए हैं। ईरान की सरकारी मीडिया ने इस हमले की जानकारी दी है। ईरानी मीडिया ने यह भी बताया कि उग्रवादी गुट जैश अल–अदल के सदस्य भी इस कार्रवाई के दौरान मारे गए हैं।

सिस्तान बलूचिस्तान प्रांत पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा से सटा हुआ है। ईरान के इस प्रांत में सुन्नी मुस्लिमों की तादाद शिया मुस्लिमों के मुकाबले ज्यादा है। ईरान में एक शिया सरकार का शासन है और ये सुन्नी इसका विरोध करते हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक इस इलाके में अक्सर ईरानी सुरक्षा बलों और सुन्नी मुस्लिमों के बीच झड़प होती रहती है। इसके अलावा यहां बड़े पैमाने पर ड्रग्स के तस्कर भी मौजूद हैं जो ईरानी सेना के साथ संघर्ष करते रहते हैं।

ईरानी उग्रवादी गुट जैश अल अदल के सदस्य ज्यादा अधिकार दिए जाने की मांग कर रहे हैं और बलूचों के लिए ज्यादा बेहतर जीवन स्तर चाहते हैं। इन बलूचों ने प्रांत के अंदर हाल के वर्षों में ईरानी सुरक्षा बलों पर कई हमले किए हैं और उन्होंने इसकी जिम्मेदारी भी ली है। पाकिस्तान के डेप्युटी गवर्नर ने कहा है कि ईरानी सेना की जवाबी कार्रवाई में कई आतंकी मारे गए हैं। अब रास्क शहर में हालात नियंत्रण में हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस मुख्यालय पर हुए हमले में कई आतंकियों ने घुसने की कोशिश की। इस दौरान जवाबी कार्रवाई में कई उग्रवादी मारे गए हैं। जैश अल अदल ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है और उसने कहा कि सुबह 2 बजे के करीब पुलिस परिसर के अंदर यह आत्मघाती हमला किया गया।

### बलूचिस्तान में तेज हुआ विरोध प्रदर्शन


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बलूचिस्तान। बलूचिस्तान मानवाधिकार परिषद ने एक बयान में कहा कि क्षेत्र में विभिन्न जनसांख्यिकीय क्षेत्रों में गैर–न्यायिक हत्याओं और जबरन गायब किए जाने के मामलों में चिंताजनक वृद्धि के बाद पूरे बलूचिस्तान में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। नवंबर के महीने में पूरे बलूचिस्तान में मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों में चिंताजनक वृद्धि देखी गई।
मानवाधिकार रिपोर्ट के अनुसार, जबरन गायब करने की 65 घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें कम उम्र से लेकर विकलांग व्यक्तियों, नवविवाहितों, छात्रों, डॉक्टरों, दुकानदारों और मजदूरों तक विभिन्न लोग शामिल हैं। जबकि 39 हत्याएं दर्ज की गईं, जिनमें राज्य बलों द्वारा फर्जी मुठभेड़ों में मारे गए 10 पहले से गायब व्यक्ति भी शामिल हैं। बता दें कि बलूचिस्तान में विभिन्न घटनाओं में पांच महिलाओं सहित 39 लोगों की जान चली गई। जबकि 30 पीड़ितों की पहचान कर ली गई है और 10 की पहचान अभी तक नहीं हुई है।

## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# नए मतदाताओं को सूची में जोड़ने पर बीएलओ सम्मानित

**सम्मान**

## जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने विकास भवन सभागार में प्रशस्ति पत्र सौंपे

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सफलतापूर्वक संपादित करवाने के लिए जिला प्रशासन मुश्तैदी से कार्य कर रहा है। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार ने दस दिन पूर्व सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को अपने–अपने क्षेत्रों में 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे युवाओं को चिन्हित कर उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के निर्देश दिए थे। जिले में आठ आंगनवाड़ी कार्यकत्री ऐसी थी जिन्होंने अपने क्षेत्र के ज्यादातर युवाओं के नाम 10 दिन में सूची में जोड़ने की औपचारिकताएं पूर्ण कर दी। इन सभी कार्यकत्रियों को जिलाधिकारी ने शुक्रवार को विकास भवन सभागार में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सफलतापूर्वक संपादित करवाने, पोलिंग बूथों पर सभी



अनिवार्य सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने एवं 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे युवाओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के कार्य में लगे सुपरवाइजरों के साथ जिलाधिकारीध जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार ने विकास भवन सभागार में शुक्रवार को समीक्षा बैठक आयोजित की।

पिछली बैठक में नए मतदाताओं को मतदान सूची में जोड़ने के दिए गए निर्देशों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों से क्षेत्रवार जानकारी प्राप्त की। इस दौरान जिन

**इन्हें मिला सम्मान**

ममता बर्तवाल, विजय लक्ष्मी, संगीता राणा, रामेश्वरी देवी, सुमित्रा देवी, पूनम रावत, रज्जू बुटोला, उर्मिला देवी।

बीएलओ एवं सुपरवाइजरों ने अपने क्षेत्र के नए मतदाताओं में से 50 फीसद को भी सूची में नहीं जोड़ा उन पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए जल्द सभी को सूची से जोड़ने के निर्देश दिए। वहीं जिन बीएलओ एवं सुपरवाइजरों ने बेहतर कार्य करते हुए ज्यादातर युवाओं का नाम सूची में जोड़ लिया है उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

बैठक में अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, उप जिलाधिकारी ऊखीमठ जितेंद्र वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी प्रेम सिंह रावत, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी धीरज कुमार, तहसीलदार जखोली बीएल शाह, बसुकेदार प्रताप सिंह सहित सुपरवाजर मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### सिंगल यूज प्लास्टिक का कारोबार व प्रयोग करने वालों पर की गई कार्रवाई

**संवाददाता** पुरोला। जिलाधिकारी उत्तरकाशी के निर्देश के क्रम में सिंगल यूज प्लास्टिक का कारोबार व प्रयोग करने वालों के विरुद्ध अभियान संचालित कर दण्डात्मक कार्रवाई की गई। नगर पंचायत पुरोला में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर आज नगर निकाय के द्वारा छापामारी अभियान चलाया गया जिसमे 12 दुकानदारों का चालान कर मौके पर ही अर्थदण्ड की वसूली की गई। जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला ने नगर निकायों को जिले में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर कारगर तरीके से रोक लगाने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक के कारोबार के विरुद्ध अभियान संचालित कर दण्डात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। नगर पंचायत पुरोला द्वारा छापामारी अभियान चलाकर 12 दुकानों में सिंगल यूज प्लास्टिक मिलने पर तुरंत चालान की कार्रवाई कर एक हजार एक सो रुपये का जुर्माना वसूला गया।

### पूर्व विधायक राजकुमार को राज्यमंत्री का दर्जा मिलने पर मनाया गया जश्न

**संवाददाता** पुरोला। पूर्व विधायक राजकुमार को राज्यमंत्री का दर्जा मिलने पर पुरोला विधानसभा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर जश्न मनाया। शुक्रवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने राजकुमार को बागवानी विकास परिषद का उपाध्यक्ष बनाये जाने पर मिठाई बांटी वहीं राजकुमार को दायित्व मिलने की खबर मिलते ही पुरोला, नौगांव व मोरी में भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। शुक्रवार को पुरोला बाजार के मुख्य चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष जगमोहन पंवार के नेतृत्व में एकत्रित होकर खूब आतिशबाजी कर जश्न मनाया। कार्यकर्ताओ ने इस अवसर पर मिष्ठान वितरण कर एक दूसरे की बधाई दी। बागवानी विकास परिषद का उपाध्यक्ष बनाये जाने पर राजकुमार ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, भाजपा प्रदेश व पार्टी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

### जोमैटो ने अपने डिलीवरी पार्टनर्स को हीरोज इन रेड अवॉर्ड से सम्मानित किया

**संवाददाता** देहरादून। भारत की फूड डिलीवरी कंपनी, जोमैटो ने हाल ही में देहरादून में अपने हीरोज इन रेड पुरस्कार कार्यक्रम का समापन किया। इस कार्यक्रम श्रृंखला के उद्घाटन समारोह में गेस्ट ऑफ ऑनर ट्रै कैप्टन नवनीत बल, एलईआरटी थे, और इसका आयोजन देहरादून के चिलीज प्रीमियम रेस्टोरेंट में किया गया था। हीरोज इन रेड इवेंट्स द्वारा कंपनी अपने डिलीवरी पार्टनर्स के अमूल्य योगदान के लिए उन्हें सम्मानित करना और उनके परिवारों में त्योहारों की खुशी फैलाना चाहती है। जोमैटो के सीईओ, फूड ऑर्डरिंग एंड डिलीवरी, राकेश रंजन ने कहा कि हमारे संस्थान की नींव हमारे डिलीवरी पार्टनर हैं।

## महिलाओं की आर्थिकी का मजबूत जरिया बनने लगा है भोजपत्र

**संवाददाता** चमोली। चमोली में उच्च हिमालयी क्षेत्रों में उगने वाले दुर्लभ भोजपत्र की छाल महिलाओं की आर्थिकी का मजबूत जरिया बनने लगा है। इसको लेकर जिला प्रशासन द्वारा महिला समूहों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आवाहन, उत्साहवर्धन और जिलाधिकारी हिमांशु खुराना के मार्गदर्शन में विकासखंड जोशीमठ में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अतंर्गत एसएचजी महिलाओं को भोजपत्र पर कैलीग्राफी व स्ट्रिंग आर्ट एडवांस वर्जन का प्रशिक्षण शुरू किया गया है।

जिला प्रशासन के सहयोग से मास्टर ट्रेनर सुरभि रावत द्वारा समूह की महिलाओं को भोजपत्र कैलीग्राफी की बारीकियों के साथ स्केलिंग एवं नवीन तकनीक के बारे में जानकारी दी जा रही है।

प्रधानमंत्री मोदी के बदरीनाथ भ्रमण के दौरान नीती–माणा एसएचजी की महिलाओं ने उन्हें भोजपत्र पर लिखा अभिनंदन पत्र भेंट किया था। जिसके बाद प्रधानमंत्री ने भोजपत्र के सोविनियर बनाने को लेकर मन की बात एपिसोड में भी महिलाओं की इस पहल की खूब सराहना की थी। इससे प्रभावित होकर समूह की महिलाएं भोजपत्र प्रशिक्षण में बढ़–चढ कर प्रतिभाग कर रही है। जिला प्रशासन की ओर से पूर्व में विकासखंड जोशीमठ में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से दो चरणों में समूह की 30 महिलाओं को दुर्लभ भोजपत्र पर कैलीग्राफी से आकर्षक सोविनियर बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।



### हाट एवं जैशाल में हुआ शिविर आयोजित

**संवाददाता** चमोली। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत दशोली ब्लॉक के हाट एवं जैशाल में आयोजित शिविर की अध्यक्षता करते हुए बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने ग्रामीणों से संवाद कर सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी की गारंटी है कि हर योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। विकसित भारत का संकल्प तभी सिद्ध होगा जब हर व्यक्ति समाज के मुख्य धारा में जुडे। शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत थराली के कुराड, घाट के धुर्मा व बांसवाडा, नारायणबगड के रैंस व मनोडा में शिविर आयोजित कर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गयी। साथ ही पात्र व्यक्तियों को चिन्हित कर योजना से जोडा गया। वहीं इस दौरान उज्ज्वला के 11, केसीसी के 14, पीएम आवास के 9 आवेदन प्राप्त हुए।

## बनाए गए सात परीक्षा केन्द्र, सभी केन्द्रों पर लागू रहेगी धारा–144

**संवाददाता** चमोली। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा 17 दिसंबर, 2023 (रविवार) को समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी परीक्षा की तैयारियों को लेकर अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने शुक्रवार को सभी नोडल अधिकारियों, सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुरूप परीक्षा को शांतिपूर्ण और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जाए। सभी केंद्रों पर परीक्षा से एक दिन पूर्व ब्रीफिंग की जाए और अभ्यर्थियों के बैठने के लिए सीटिंग प्लान तैयार किया जाए। परीक्षा केन्द्रों

**चमोली से आरओ एआरओ की परीक्षा में 2045 अभ्यर्थी होंगे शामिल**

पर वीडियोग्राफी की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें।

लोक सेवा आयोग के समीक्षा अधिकारी अभिजीत सिंह एवं जैत आलम ने बताया कि समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी की परीक्षा के लिए जनपद चमोली में सात परीक्षा केन्द्र बनाए गए है। जिसमें कुल 2045 परीक्षार्थी शामिल होंगे। अभ्यर्थियों को परीक्षा अवधि से डेढ घंटे पहले परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा। आयोग के निर्देशों के अनुसार इस बार पेपर के पैकेट परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थियों के सामने खोले जाएगें। परीक्षा केन्द्र में घड़ी, स्मार्ट वाच, मोबाइल फोन



एवं गैजेट्स पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। पुलिस को परीक्षा के दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और स्वास्थ्य विभाग को चिकित्सा टीमों को अलर्ट रखने के निर्देश दिए गए है।

अपर जिलाधिकारी ने नियुक्त सभी अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ अपनी जिम्मेदारियों का पूरी तरह से निर्वहन करते हुए आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप परीक्षा को संपन्न कराने के निर्देश दिए। बैठक में सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### बीमा योजना–रबी को आगामी तीन वर्षो के लिए मिली स्वीकृति

**संवाददाता** चमोली। प्रदेश में पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना–रबी को आगामी तीन वर्षो के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। यह जानकारी देते हुए मुख्य उद्यान अधिकारी तेजपाल सिंह ने बताया के फसलों को मौसमी कारणों होने वाले नुकसान को कम करने के लिए किसान हित में फसल बीमा योजना संचालित है। कृषक को बीमा प्रीमियम पर फसलों के अनुरूप केंद्र व राज्य की ओर से निर्धारित सब्सिडी प्रदान की जा रही है। फसल बीमा योजना में मौसमी कारणों से सेब, आडू, माल्टा, संतरा, मौसमी, आम, लीची, मटर जैसी फसलों को नुकसान होने पर नियमानुसार क्षतिपूर्ति की जाती है। फसल बीमा संचालन के लिए विभाग की ओर से एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी को अधिकृत किया गया है। उन्होंने जनपद के सभी कृषकों को अपनी फसलों का बीमा कराके फसल बीमा योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

*रास्ता सही होना चाहिए क्योकि कभी कभी मंजिल रास्तों में मिल जाती है !–अज्ञात।*






पेज थ्री
www.page3news.in

# गर्म राजनीतिक माहौल

**जिन मसलों पर पहले से सत्ता पक्ष और विपक्ष में तलवारें खिंची हुई हैं, उनमें एक प्रमुख मुद्दा है तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा से जुड़ा कैश फॉर क्वेश्चन संबंधी आरोपों का। इस मामले में एथिक्स कमिटी की रिपोर्ट संसद में पेश की जानी है, लेकिन वह पहले ही लीक हो चुकी है।**

अनुज सनवाल।।

आम तौर पर संसद का शीतकालीन सत्र इतने गर्म राजनीतिक माहौल में शुरू नहीं होता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सोमवार को संसद भवन पहुंचने के बाद हलके–फुलके अंदाज में इस ओर संकेत किया, लेकिन अगर किसी को भी इस सत्र के शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न होने का भ्रम रहा होगा तो वह पहले ही दिन दूर हो गया होगा। खुद प्रधानमंत्री मोदी ने मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान यह साफ कर दिया कि सत्र के दौरान अगले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर की जाने वाली पोजिशनिंग ही निर्णायक साबित होगी। पीएम मोदी ने कहा कि बेहतर होगा विपक्ष चुनाव नतीजों का गुस्सा सदन में निकालने की कोशिश न करे। जाहिर है, सत्ता पक्ष यह मानकर चल रहा है कि विपक्ष का रुख आक्रामक होगा। इसके कई और संकेत पहले से मिल रहे हैं। जिन मसलों पर पहले से सत्ता पक्ष और विपक्ष में तलवारें खिंची हुई हैं, उनमें एक प्रमुख मुद्दा है तृणमूल सांसद महुआ मोइत्रा से जुड़ा कैश फॉर क्वेश्चन संबंधी आरोपों का। इस मामले में एथिक्स कमिटी की रिपोर्ट संसद में पेश की जानी है, लेकिन वह पहले ही लीक हो चुकी है। इसमें कथित तौर पर की गई महुआ मोइत्रा को संसद से निष्कासित करने की सिफारिश पर लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी स्पीकर को पत्र लिख चुके हैं कि ऐसा कदम उठाना सही नहीं होगा। तृणमूल कांग्रेस एथिक्स कमिटी की रिपोर्ट पर संसद में विस्तृत चर्चा की मांग कर रही है। करीब 18 दिन (4 से 22 दिसंबर तक) चलने वाले इस सत्र के दौरान सबकी नजरें विपक्षी दलों की आक्रामकता पर ही नहीं उनके आपसी तालमेल पर भी रहेगी।



यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि लोकसभा चुनावों से ठीक पहले हुए विधानसभा चुनावों में मिले प्रतिकूल नतीजों का कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के जोश पर कितना और कैसा प्रभाव पड़ा है। क्या इंडिया गठबंधन को कायम रखने और उसे आगे बढ़ाने को लेकर उनका संकल्प पहले जितना ही मजबूत है या उसमें किसी तरह की कमजोरी आई है? हालांकि इन बातों पर ज्यादा रोशनी इंडिया गठबंधन के घटक दलों की चौथी बैठक में पड़ेगी, जो 6 दिसंबर को दिल्ली में ही होनी है लेकिन सदन के अंदर विपक्षी दलों के आपसी सामंजस्य और तालमेल में भी उसकी स्पष्ट झलक मिलेगी। जहां तक इस सत्र में पेश होने वाले बिलों की बात है तो मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़ा बिल ही नहीं इंडियन पीनल कोड, इंडियन एविडेंस एक्ट और क्रिमिनल प्रसीजर कोड की जगह लाए जाने वाले बिलों समेत करीब 21 विधेयक इस सत्र में पेश किए जाने हैं। बेहतर होगा आरोप–प्रत्यारोप और हंगामे–वॉकआउट, बहिष्कार वगैरह के बीच भी सत्ता पक्ष और विपक्ष इस बात की गुंजाइश बनाएं कि तमाम महत्वपूर्ण बिलों के अलग–अलग पहलुओं पर विस्तृत बातचीत और बहस जरूर हो ताकि संसद के मंच पर विपक्ष की असहमति ही नहीं, उसके विचार भी दर्ज हों।

## पूजा–पाठ

**अशोक वोहरा।** पूजा में तुलसी चढ़ाने का फल 10,000 गोदान के बराबर माना गया है। तुलसी का पौधा हमेशा से आस्था का केंद्र रहा है. तीज–त्यौहार हो या पूजा–पाठ हर काम में इस पवित्र पौधे की पत्तियों को इस्तेमाल किया जाता है। विशेषकर कार्तिक महीने में तुलसी का महत्व और भी बढ़ जाता है। तुलसी नामाष्टक का पाठ करने और सुनने से लाभ दोगुना हो जाता है. जिन दंपतियों को संतान का सुख ना मिला हो, उन्हें भी तुलसी पूजा करनी चाहिए। वैसे तो पूरे कार्तिक महीने में ही तुलसी के सामने दीपक जलाना चाहिए लेकिन अगर आपने किसी कारणवश दीपक नहीं जलाया है तो कार्तिक पूर्णिमा के दिन पूरे 31 दीपक जलाकर अपने घर और गृहस्थी के लिए सौभाग्य की कामना अवश्य करें।

धर्म-दर्शन

# संपादकीय

## ब्राजील होगा नया अध्यक्ष

जी–20 की हमारी अध्यक्षता के दौरान भारत ने जियो–पॉलिटिकल मुद्दों और आर्थिक प्रगति एवं विकास पर उनके प्रभावों पर व्यापक विचार–विमर्श की अगुआई की। आतंकवाद और नागरिकों की हत्या पूरी तरह से अस्वीकार्य है, और हमें जीरो–टॉलरेंस की नीति अपनाकर इससे निपटना चाहिए। हमें शत्रुता से परे जाकर मानवतावाद को अपनाना होगा और यह दोहराना होगा कि यह युद्ध का युग नहीं है। नई दिल्ली घोषणापत्र इन प्रमुख प्राथमिकताओं में सहयोग सुनिश्चित करने की एक नई भावना का प्रतीक है, जो नीतिगत स्घ्पष्टता, विश्वसनीय व्यापार और महत्वाकांक्षी जलवायु कार्रवाई पर केंद्रित है। यह बड़े गर्व की बात है कि हमारी अध्यक्षता के दौरान ळ–20 ने 87 परिणाम हासिल किए और 118 दस्तावेज अपनाए, जो अतीत की तुलना में उल्लेखनीय रूप से काफी अधिक है। मुझे अत्यंत खुशी है कि हमारी अध्यक्षता के दौरान भारत ने असाधारण उपलब्धियां हासिल कीं। इसने बहुपक्षवाद में नई जान फूंकी, ग्लोबल साउथ की आवाज बुलंद की, विकास की हिमायत की, और हर जगह महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए लड़ाई लड़ी। अब जबकि हम जी–20 की अध्यक्षता ब्राजील को सौंप रहे हैं, तो हम इस विश्वास के साथ ऐसा कर रहे हैं कि समस्त लोगों, ६ ारती, शांति और समृद्धि के लिए हमारे सामूहिक कदमों की गूंज आने वाले वर्षों में निरंतर सुनाई देती रहेगी।

बढ़ते हुए संघर्ष और प्रतिस्पर्धा के बीच, विभिन्न देशों में परस्पर सहयोग की भावना में कमी आई और इसका प्रभाव वैश्विक प्रगति पर पड़ा।

# मानव केंद्रित प्रगति

नरेन्द्र मोदी।।

भारत द्वारा जी–20 की अध्यक्षता ग्रहण करने के आज 365 दिन पूरे हो गए हैं। यह 'वसुधैव कुटुंबकम', ^One Earth, One Family, One Future* की भावना को प्रतिबिंबित करने, इसके लिए पुनः प्रतिबद्ध होने और इसे जीवंत बनाने का क्षण है। जब पिछले वर्ष भारत को यह जिम्मेदारी मिली थी, तब विश्व विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहा था। कोविड–19 महामारी से उबरने का प्रयास, बढ़ते जलवायु खतरे, वित्तीय अस्थिरता और विकासशील देशों में ऋण संकट जैसी चुनौतियां दुनिया के सामने थीं। इसके अलावा कमजोर होता मल्टीलैटरलिज्म यानी बहुपक्षवाद इन चुनौतियों को और गंभीर बना रहा था। बढ़ते हुए संघर्ष और प्रतिस्पर्धा के बीच, विभिन्न देशों में परस्पर सहयोग की भावना में कमी आई और इसका प्रभाव वैश्विक प्रगति पर पड़ा। जी–20 का अध्यक्ष बनने के बाद भारत ने दुनिया के सामने GDP केंद्रित सोच से आगे बढ़कर मानव–केंद्रित प्रगति का विजन प्रस्तुत किया।

भारत ने दुनिया को यह याद दिलाने प्रयास किया कि कौन सी चीजें हमें जोड़ती हैं। हमारा फोकस इस बात पर नहीं था कि कौन सी चीजें हमें विभाजित करती हैं। अंततः भारत के इन प्रयासों का परिणाम आया। वैश्विक संवाद आगे बढ़ा और कुछ देशों के सीमित हितों के ऊपर



कई देशों की आकांक्षाओं को महत्व दिया गया। जैसा कि हम जानते हैं, इसके लिए बहुपक्षवाद में मूलभूत सुधार की आवश्यकता थी। समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्रवाई–उन्मुख और निर्णायक– ये चार शब्द जी–20 के अध्यक्ष के रूप में भारत के दृष्टिकोण को परिभाषित करते हैं। नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन, जिसे सभी जी–20 सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अपनाया गया है, इन सिद्धांतों पर कार्य करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। समावेश की भावना हमारी अध्यक्षता के केंद्र में रही है। जी–20 के स्थायी सदस्य के रूप में अफ्रीकी संघ को शामिल करने से 55 अफ्रीकी देशों को इस समूह में जगह मिली है, जिससे इसका विस्तार वैश्विक आबादी के 80 फीसदी तक पहुंच गया है। इस सक्रिय कदम से वैश्विक चुनौतियों और अवसरों पर जी–20 में विस्तार से बातचीत को बढ़ावा मिला है।

भारत द्वारा अपनी तरह की पहली बैठक 'वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट' ने बहुपक्षवाद की एक नई शुरुआत की। इस बैठक के दो संस्करणों में भारत अंतरराष्ट्रीय विमर्श में ग्लोबल साउथ के देशों की चिंताओं को मुख्यधारा में लाने में सफल रहा। इससे एक ऐसा युग शुरू हुआ है, जहां विकासशील देशों को ग्लोबल नैरेटिव की दिशा तय करने का उचित अवसर मिलेगा। समावेशिता की वजह से ही ळ–20 में भारत के घरेलू दृष्टिकोण का भी प्रभाव दिखा। इस आयोजन ने लोक अध्यक्षता का स्वरूप ले लिया, जो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने की दृष्टि से बिल्कुल सही था। 'जनभागीदारी' कार्यक्रमों के जरिए ळ–20, 1. 4 बिलियन नागरिकों तक पहुंचा और इस प्रक्रिया में सभी राज्यों एवं केंद्र–शासित प्रदेशों को भागीदार के रूप में शामिल किया गया। भारत ने यह सुनिश्चित किया कि मुख्य विषयों पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय का ध्यान ळ–20 के दायित्वों के अनुरूप विकास के व्यापक लक्ष्यों की ओर हो।

2030 के एजेंडे को ध्यान में रखते हुए भारत ने सतत विकास लक्ष्य में तेजी लाने के लिए जी–20 का 2023 एक्शन प्लान पेश किया। इसके लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक समानता, पर्यावरणीय स्थिरता सहित परस्पर जुड़े मुद्दों पर एक व्यापक एक्शन ओरिएंटेड दृष्टिकोण अपनाया गया।

### सूडोकू नवताल- 5347

*****

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 6 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 2 | | 3 | 9 | | | 8 | | |
| 6 | | | | | | | 5 | |
| | | | 8 | | 3 | | | |
| | 1 | | | | | | | 4 |
| | | 7 | | | 1 | 3 | | 9 |
| | | | 2 | | | | | |
| | 5 | | | 6 | | | | |

सूडोकू नवताल -5346 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | 1 | 5 | 6 | 3 | 4 | 8 | 7 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 |
| 8 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 8 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 |


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

अपना ब्लॉग

## महत्वाकांक्षी एवं समावेशी लक्ष्य

**मोहन।** वन अर्थ की भावना के तहत, हमने तात्कालिक, स्थायी और न्यायसंगत बदलाव लाने के महत्वाकांक्षी एवं समावेशी लक्ष्य पेश किए। घोषणा का 'ग्रीन डिवेलपमेंट पैक्ट' एक व्यापक रोडमैप की रूपरेखा तैयार करके भुखमरी से निपटने और पृथ्वी की रक्षा के बीच चुनाव करने की चुनौतियों का समाधान करता है। इस रोडमैप में रोजगार और इकोसिस्टम एक–दूसरे के पूरक हैं, उपभोग जलवायु परिवर्तन के प्रति सचेत है और उत्पादन पृथ्वी के अनुकूल है। साथ ही, जी–20 घोषणा में 2030 तक रिन्यूबल एनर्जी की वैश्विक क्षमता को तीन गुना करने का महत्वाकांक्षी आह्वान किया गया है। ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस की स्थापना और ग्रीन हाइड्रोजन को अपनाने की दिशा में एक ठोस प्रयास के साथ एक स्वच्छ एवं हरित दुनिया बनाने संबंधी जी–20 की महत्वाकांक्षाएं निर्विवाद हैं। यह हमेशा से भारत का मूल्य रहा है और सतत विकास के लिए जीवनशैली के माध्यम से दुनिया हमारी सदियों पुरानी परंपराओं से लाभान्वित हो सकती है। इसके अलावा घोषणापत्र में जलवायु न्याय और समानता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया है, जिसके लिए ग्लोबल नॉर्थ से पर्याप्त वित्तीय और तकनीकी सहायता देने का अनुरोध किया गया है।





## मैं दर्शन जरीवाला के बच्चे की मां बनने वाली हूं, हमारा गंधर्व विवाह हुआ

टीवी और फिल्मों के मशहूर एक्टर दर्शन जरीवाला को लेकर एक चौंकाने वाला दावा सामने आया है। यही नहीं, उनके खिलाफ इस बाबत कोलकाता पुलिस में एक शिकायत भी दर्ज की गई है। गांधी, माय फादर के लिए नेशनल अवॉर्ड जीत चुके दर्शन 65 साल के हैं। महिला ने पुलिस में शिकायत दर्ज करते हुए दावा किया है कि वह दर्शन के बच्चे की मां बनने वाली हैं। मीडिया इंडस्ट्री में काम करने वाली इस महिला का कहना है कि दर्शन जरीवाला से उनका गंधर्व विवाह हुआ है। महिला ने यह भी घोषणा की है कि उसने न्याय के लिए सिने एंड टीवी आर्टिस्ट एसोसिएशन से भी संपर्क किया है। शकायतकर्ता महिला की पहचान मामले के विचाराधीन होने के कारण छिपाई जा रही है। इस महिला का कहना है कि दर्शन जरीवाला और उनके बीच प्यार भरे रिश्ते रहे हैं। दोनों में गंधर्व विवाह हुआ था और वह अब प्रेग्नेंट हैं। लेकिन दर्शन जरीवाला अब उसे और होने वाले बच्चे को अपनाने से इनकार कर रहे हैं। महिला के मुताबिक, उसने सिन्टा से मांग की है कि वो इसमें उनकी मदद करे। साथ ही एसोसिएशन में आधिकारिक पद से दर्शन जरीवाला को हटाकर उनकी सदस्यता रद्द करे। उसका कहना है कि वह अपने सम्मान के लिए यह लड़ाई लड़ना चाहती हैं। वह अच्छे से समझति हैं कि दर्शन जरीवाला एक सेलिब्रिटी हैं और इस कारण उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

## 1.9 मिलियन से ज्यादा बार देखा गया बॉबी देओल का जमाल कुडू सॉन्ग

एनिमल में बॉबी देओल के एंट्री सॉन्ग जमाल कुडू ने इतिहास रच दिया है। हाल ही इस गाने के वीडियो को यूट्यूब पर रिलीज किया गया था, और 3 घंटे के अंदर ही इसे लाखों लोगों ने देख डाला, जोकि रिकॉर्ड है। जमाल कुडू को फैंस की डिमांड पर रिलीज किया गया था। फैंस बॉबी देओल की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं, और उन्होंने जमाल कुडू सॉन्ग को किसी बॉलीवुड फिल्म में विलेन की बेस्ट एंट्री बताया। बॉबी देओल ने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि एनिमल में 10–15 मिनट का रोल उन्हें जिंदगी भर का स्टारडम दिला देगा। एनिमल ब्लॉकबस्टर हो चुकी है और हर तरफ लीड हीरो रणबीर कपूर से ज्यादा बॉबी देओल की ही चर्चा हो रही है। तभी तो एक्टर भी फैंस का बेशुमार प्यार देख फूट–फूटकर रो पड़े थे। फिल्म में बॉबी देओल का किरदार गूंगा था और इस कारण एक भी डायलॉग नहीं था। बावजूद इसके बॉबी देओल ने धमाल मचा दिया। एनिमल में उनके एंट्री सॉन्ग जमाल कुडू की हर तरफ चर्चा है।

## दिव्या अग्रवाल ने बताई शादी की डेट, उधर वरुण सूद को मिला नया प्यार!





दिव्या अग्रवाल अपने बॉयफ्रेंड अपूर्व पडगांवकर से शादी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अपूर्व के साथ अपने रिश्ते की घोषणा के बाद एक्ट्रेस को बहुत कुछ सहना पड़ा। कई लोगों ने उन्हें गोल्डडिगर कहा और ट्रोल किया। दिव्या हमेशा शेयर करती थीं कि जब वे एक साथ नहीं थे तब भी उनके बीच बहुत प्यार था और वह हमेशा अपूर्व से शादी करना चाहती थीं। हाल ही में, दिव्या और अपूर्व ने अपनी शादी की घोषणा की कि वे जल्द ही रिश्ते में बंधने वाले हैं। दूसरी तरफ उनके एक्स बॉयफ्रेंड वरुण सूद ने किसी मिस्ट्री गर्ल के साथ फोटो शेयर की है। दिव्या अग्रवाल शादी करने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं और इससे पता चलता है कि वह महीनों से अपने इस बड़े दिन के बारे में बात कर रही हैं। 13 दिसंबर, 2023 को, उन्होंने अपने सेव द डेट शादी की घोषणा की। क्लिप में, हम दिव्या और अपूर्व का कैरिकेचर देख सकते हैं। होने वाली दुल्हन ने डीप–बैक गाउन पहना हुआ है। यह महज एक संयोग हो सकता है या फिर उनके एक्स बॉयफ्रेंड को सच में अपनी ड्रीम गर्ल मिल गई है। अपनी निजी जिंदगी को मीडिया की नजरों से दूर रखने वाले एक्टर ने एक मिस्ट्री गर्ल के साथ फोटो शेयर की है। दिलचस्प बात यह है कि दिव्या अग्रवाल की शादी की घोषणा करने के कुछ ही घंटों बाद उन्होंने यह तस्वीर पोस्ट की है।

# फिल्मों में मोलेस्टेशन सीन नहीं करेंगी काजोल

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*काजोल ने अपने करियर में कई फिल्मों में वो सीन्स किए, जहां उन्हें मोलेस्ट किया गया। फिर चाहे वह बाजीगर हो, दुश्मन या इश्क। खुद काजोल भी मानती हैं कि वह ऐसी फिल्मों का हिस्सा रहीं। पर काजोल पिछले कई साल से फिल्मों में न तो ऐसे सीन्स कर रही हैं, और ना ही करेंगी। काजोल ने कहा कि इस तरह के सीन्स बहुत ही डिस्टर्बिंग और असहज करने वाले होते हैं। उन्हें बहुत खराब महसूस होता है। उन्होंने यह बात ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स के शो में कही। काजोल ने अपने करियर की शुरुआत 1992 में फिल्म श्बेखुदीश से की थी। फिल्मी पर्दे पर रोमांटिक किरदार निभाने के साथ ही काजोल ने कुछ नेगेटिव रोल भी प्ले किए। वहीं दुश्मन और बाजीगर जैसी फिल्मों मे ऐसा किरदार निभाया, जिसमें उनके किरदार को विलेन ने मोलेस्ट किया। यानी छेड़छाड़ की।*

**खराब महसूस होता है, परेशान भी हुई**

इस बारे में काजोल ने कहा, श्हां, मैंने कई ऐसी फिल्में कीं, जहां मेरा मोलेस्टेशन सीन था। मैं काफी असहज थी और परेशान हुई। एक एक्ट्रेस के रूप में मेरा हमेशा से यही मानना रहा है कि मैं ऐसे सीन नहीं करूंगी, जिनमें या तो मेरे साथ छेड़छाड़ की जरूरत हो या किसी भी तरह से मुझे ऐसी जगह पर दिखाया जाए, जहां मैं नहीं रहना चाहती। मैं एक आर्टिस्ट के तौर पर सोचती हूं कि जब हम ऐसा शॉट कर रहे होते हैं तो हम सच में उसे महसूस कर रहे होते हैं। मुझे बहुत खराब लगता है।



**अच्छी एक्टर हूं साबित करने के 100 और तरीके**

काजोल ने आगे कहा, कई बार कैमरों को इस पोजिशन पर रखा जाता है कि वो अपना जादू कर देते हैं। अगर हम कैमरे के सामने असहज हो रहे हैं तो वह उसे कैप्चर कर लेता है। इसलिए हमें रियल रहना पड़ता है। इस मामले में यह मेरी निजी राय है। मैं ऐसे सीन्स नहीं करना चाहती। मुझे असहज महसूस होता है। मुझे बहुत खराब लगता है, जब ऐसे सीन करने पड़ें, जहां मुझे फिजिकली अब्यूज किया जा रहा है या मोलेस्ट किया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि मैंने ऐसे सीन्स नहीं किए। लेकिन यह बहुत ही डिस्टर्बिंग होते हैं। मुझे नहीं लगता है कि इस तरह के सीन्स करके आपको कुछ साबित करने की जरूरत है। मैं एक अच्छी एक्टर हूं, यह मैं अन्य 100 तरीकों से साबित कर सकती हूं।

**लस्ट स्टोरीज में था काजोल का अब्यूज वाला सीन**

बता दें कि नेटफ्लिक्स पर आई सीरीज लस्ट स्टोरीज 2 में भी काजोल ने एक ऐसा किरदार निभाया था, जिसे उसका पति अब्यूज करता है। हालांकि सीरीज में अब्यूज वाले सीन नहीं दिखाए गए, पर चेहरे पर निशान जरूर दिखाए गए थे। काजोल अब कृति सेनन के साथ दो पत्ती में नजर आएंगी। इसे नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया जाएगा।

# शाहरुख खान ने किंग अंकल से कटवाया था सलमान का पत्ता!



*क्या आप जानते हैं कि फिल्म श्किंग अंकलश के लिए पहली चॉइस शाहरुख खान नहीं, बल्कि सलमान खान थे? शाहरुख ने फिल्म के लिए किसी तरह राकेश रोशन को मना लिया था, और सलमान की जगह वह मूवी का हिस्सा बने। यह खुलासा शाहरुख खान के करीबी दोस्त और फिल्म प्रोड्यूसर विक्की वासवानी ने किया है। विक्की वासवानी ने हाल ही में शाहरुख खान के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि कैसे शाहरुख की फिल्म बिजनेस की जानकारी से राकेश रोशन प्रभावित हो गए थे, और अपनी फिल्म किंग अंकल के लिए साइन कर लिया था। जबकि उस फिल्म में पहले सलमान खान थे।*

**राकेश रोशन के साथ शाहरुख की मीटिंग फिक्स**

विक्की वासवानी ने बताया कि उन्होंने राकेश रोशन के साथ शाहरुख खान की एक मीटिंग फिक्स करवाई। वह अच्छे से जानते थे कि किंग अंकल में जैकी श्रॉफ के भाई की जगह अभी खाली है। उस रोल के लिए अभी किसी को कास्ट नहीं किया गया है। इसलिए उस रोल के लिए विक्की वासवानी ने शाहरुख खान का नाम सजेस्ट कर दिया। जब राकेश रोशन, शाहरुख से मिले तो सीधा पूछ लिया कि मैं तुम्हें फिल्म में क्यों कास्ट करूं।

**शाहरुख की फिल्म बिजनेस की जानकारी**

विक्की वासवानी के मुताबिक, उन्होंने शाहरुख को फिल्म बिजनेस के बारे में सिखाया था। साथ ही बताया कि श्किंग अंकलश में जैकी श्रॉफ के भाई का रोल सलमान खान को मिला था, जोकि उस वक्त बड़े स्टार थे। विक्की वासवानी ने बताया कि राकेश रोशन ने पहले ही श्किंग अंकलश को बेच दिया था। इसलिए सलमान को कास्ट करने और उन्हें अधिक पैसे देने से फिल्म की कीमत नहीं बढ़ने वाली थी और शाहरुख को कम पैसे पर कास्ट करने से फिल्म की कीमत कम नहीं होने वाली थी।

**राकेश रोशन की इन फिल्मों में नजर आए थे शाहरुख**

विवेक ने बताया कि राकेश रोशन का मुंह तब खुला का खुला रह गया, जब उन्होंने टीवी से आए एक कलाकार को दिग्गज हस्ती और एक पेशेवर की तरह फिल्म के बिजनेस के बारे में बात करते सुना। राकेश, शाहरुख खान की इंटेलिजेंस से हैरान रह गए। वह इतने प्रभावित हो गए कि शाहरुख के साथ तीन फिल्मों की डील साइन कर ली। किंग अंकल के बाद शाहरुख, राकेश रोशन की कोयलाश और करण अर्जुन में नजर आए थे।

# किचन में मौत बनकर बैठी हैं खाने-पीने की ये चीजें



**वाइट और ब्राउन ब्रेड**
यह बात सच है है कि सफेद ब्रेड सेहत के लिए खतरनाक है लेकिन ब्राउन ब्रेड भी नुकसानदायक है। ब्राउन ब्रेड गेहूं से बनी होती है, लेकिन जो पैकेट आपको आमतौर पर मिलते हैं वे भूरे सिंथेटिक कलर के साथ सिर्फ सफेद ब्रेड होते हैं। सिंथेटिक कलर आपकी सेहत के लिए हर तरह से खतरनाक है इसलिए ब्रेड का ऑप्शन आपके लिए सही नहीं है।

*अच्छी सेहत अच्छे खाने से बनती है। आजकल लोग कुछ भी खा-पी रहे हैं और यही वजह है कि लोग तरह-तरह की बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। डायबिटीज, कैंसर, कोलेस्ट्रॉल, थाइरोइड, पाचन से जुड़े रोग, त्वचा के रोग और मोटापा जैसी खतरनाक समस्याएं खराब खाने-पीने की आदतों का परिणाम है।*

**हाइड्रोजेनेटेड वेजिटेबल ऑयल**
हाइड्रोजेनेटेड ऑयल आपके स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है क्योंकि इसमें हाइड्रोजेनेटेड फैट की मात्रा अधिक होती है, जिसे ट्रांस फैट कहा जाता है। ट्रांस फैट हृदय रोग और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ा सकता है। इसके बजाय नारियल तेल, कोकोआ बटर, एक्स्ट्रा ओलिव ऑयल या फिर ग्रास-फेड आर्गेनिक बटर पर विचार करें।

**मैदा:** मैदा का पोषण मूल्य जीरो है। यह सिर्फ एक स्टार्च है जिसे ब्लीच किया जाता है। इसके बजाय साबुत अनाज जैसे साबुत गेहूं, राई और जई का सेवन करें। अंकुरित अनाज उसे बने उत्पाद और ग्लूटेन-फ्री प्रोडक्ट का ही इस्तेमाल करें।

**सॉफ्ट ड्रिंक्स:** सॉफ्ट ड्रिंक्स में हाई फ्रुक्टोज कॉर्न सिरप की मात्रा अधिक होती है। इसमें किसी तरह के पोषक तत्व नहीं है और कैलोरी की मात्रा भी ज्यादा होती है। सोडा में मौजूद शुगर आपके ब्लड शुगर को को बढ़ा सकती है, जिससे आपका लीवर और अग्न्याशय को नुकसान हो सकता है। अपने शरीर को हाइड्रेट करने के लिए चाय, फ्रेश जूस और पानी पीने पर विचार करें।

**लो फैट प्रोसेस्ड फूड्स:** लो फैट और फैट फ्री कहे जाने वाले पैकेज्ड फूड्स में केमिकल्स, ऐडिटिव और प्रिजर्वेटिव की मात्रा अधिक होती है। ये खाद्य पदार्थ वास्तव में आपका वजन बढ़ा सकते हैं। इनके बजाय साबुत खाद्य पदार्थ जैसे साबुत फल और सब्जियां खाएं। सीड्स, एवोकाडो, नट्स और नारियल जैसे नैचुरल फैट वाली चीजों का सेवन करें।

**फ्राइड फ्रोजन फूड्स:** विभिन्न तरह के फ्राइड फ्रोजन फूड्स का खूब सेवन किया जाता है क्योंकि इन्हें बनाने आसान होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ये सभी आपके शरीर के लिए अत्यधिक विषैले होते हैं।



## आंखों में दिख जाता है कोलेस्ट्रॉल बढ़ने का लक्षण

कोलेस्ट्रॉल बढ़ना एक गंभीर समस्या है जिससे दिल की नसें ब्लॉक हो सकती हैं। पीले रंग की यह गंदगी हार्ट अटैक और स्ट्रोक जैसे जानलेवा स्थितियों का कारण बन सकती है। समस्या यह है कि कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के लक्षण कई बार पता नहीं चल पाते हैं। हालांकि कुछ लक्षण आपको अपनी आंखों में नजर आ सकते हैं। रक्त वाहिकाओं में गंदा कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से आंखों में दिक्कत शुरू हो सकती है। ऐसा होने से आपको धुंधली दिखना, काले धब्बे, आंखों में दर्द और बहुत कुछ हो सकता है। कोलेस्ट्रॉल से संबंधित आंखों की सबसे बड़ी समस्या जैंथेलस्मा है, जिसमें आंखों के आसपास की त्वचा पीली हो जाती है। सर्दियों में केल और ब्रोकोली जैसी सब्जियां खूब मिलती हैं। केल फाइबर से भरपूर एक पत्तेदार हरी सब्जी है, जो कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकती है। यह एंटीऑक्सिडेंट और पोटेशियम जैसे पोषक तत्व भी देती है। इसी तरह ब्रोकोली एक क्रूसिफेरस सब्जी है जिसमें घुलनशील फाइबर होता है, जो कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद कर सकता है। ब्रसेल्स स्प्राउट्स में फाइबर की मात्रा अधिक होती है और इसमें ऐसे यौगिक होते हैं जो कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद कर सकते हैं। वे विटामिन और मिनरल्स से भी भरपूर हैं, जो समग्र कल्याण में योगदान करते हैं। इसी तरह पत्तागोभी घुलनशील फाइबर से भरपूर होती है और इसमें फाइटोन्यूट्रिएंट्स होते हैं।

## हार्ट फेलियर का शिकार होने से बचना है, तो इन बातों का जरूर रखें ध्यान

क्या आप हार्ट पेशेंट हैं या एक बार हार्ट फेलियर हो चुके हैं का शिकार हो चुके हैं। तो आगे की अच्छी हेल्दी लाइफ के लिए आप अलर्ट रहने की जरूरत है। केवल हार्ट पेशेंट को ही नहीं बल्कि हार्ट डिजीज के चलते मौत के बढ़ते आंकड़ों को देखकर आजकल हर व्यक्ति को बचाव की जरूरत है। हार्ट डिजीज से बचने के लिए सबसे पहले आपको अपनी लाइफस्टाइल में बदलाव करना होगा। कुछ बुरी आदतों को छोड़कर और अच्छी आदतों को अपनाकर हार्ट डिजीज और हार्ट फेलियर से बचाव किया जा सकता है। हार्ट फेलियर से बचाव के लिए एक हेल्दी लाइफस्टाइल में भी आपको बहुत सी बातों का ध्यान रखना होगा। जिसमें हेल्दी डाइट, एक्सरसाइज और कई हेल्दी हैबिट्स शामिल हैं। एक अच्छी लाइफस्टाइल अपनाकर आप हार्ट फेलियर के खतरे से बच सकते हैं। एक अच्छी लाइफस्टाइल से आप हार्ट के अलावा कैंसर जैसी कई गंभीर बीमारियों से भी बच सकते हैं।

# ये उपाय करने के बाद शरीर छोड़कर भागेगा मोटापा

*वजन घटाने के लिए आपको मेहनत करने की जरूरत नहीं है। सिर्फ खाकर भी आप वजन घटा सकते हैं। आपको बस डाइट में अलसी के बीज शामिल करने हैं, लेकिन वो सिर्फ 3 रेसिपी ही होने चाहिए, वरना आपको फायदा नहीं मिलेगा। यह तरीका इतना कारगर है कि बड़े-बड़े डाइटिशियन पैसा देकर लोगों को यह नुस्खा बताते हैं। वेट लॉस करने में सीड्स काफी मददगार होते हैं। यह भूख शांत करने के साथ प्रोटीन, फाइबर, हेल्दी फैट्स, मैग्नीशियम, विटामिन देते हैं। अलसी के बीज कई सालों से भारतीय खानपान का हिस्सा है। अगर आप इनका सही उपयोग जान लेंगे तो आसानी से वजन कम कर सकते हैं।*

**वेट लॉस के लिए अलसी के बीज**
फ्लैक्स सीड्स को न्यूट्रिएंट्स से भरा कहा जाता है। फ्लैक्स सीड्स डाइट से फाइबर मिलता है। सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन कहता है कि फाइबर फैट और कोलेस्ट्रॉल का अवशोषण रोकता है। जिससे शरीर को पहले से मौजूद चर्बी जलाकर ऊर्जा बनानी पड़ती है। इस तरह वेट लॉस में मदद मिलती है।

**कॉम्प्लिमेंटरी हैं ये फायदे**
वजन कम करने के साथ अलसी के बीज कई फायदे देते हैं। यह



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



आपके दिल के लिए अच्छे होते हैं। किडनी की परेशानियों में भी यह फूड कारगर साबित होता है। इसे खाने से कई सारे कैंसर का खतरा कम हो जाता है और हेल्दी लाइफ मिलती है।

**वेट लॉस रेसिपी 1**
- 1 चम्मच फ्लैक्स सीड्स पाउडर लें।
- इन्हें 1 कप पानी में 2 घंटे तक भिगोएं।
- उसके बाद इस पानी को छानकर पी लें।
- दिन में सिर्फ 1 कप ही सेवन करें।

**वेट लॉस रेसिपी 2**
- 1 चम्मच अलसी बीज का पाउडर 1 कप पानी में उबालें।
- 10 मिनट तक इस चाय को उबलने दें।
- उसके बाद इसे गुनगुना करके पी लें।

**वेट लॉस रेसिपी 3**
- अपना मनपसंद जूस लें।
- गिलास को 2/3 जूस से भर लें।
- इसके बाद इसमें 1/2 कप अलसी बीज का पानी डालें।
- इसे अच्छी तरह मिलाकर पी लें।
- आप अलसी के बीज के पानी की जगह 1 चम्मच फ्लैक्स
- सीड्स ऑयल का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

## सर्दियों में दवा बन जाता है अखरोट, दूर कर देगा दिक्कतें



सूखे मेवा में प्रोटीन, कैल्शियम, विटामिन, फाइबर, ओमेगा फैटी एसिड होते हैं। शरीर की कमजोरी दूर करने के लिए इनका सेवन करना चाहिए। यह मजबूती और ताकत पाने का बढ़िया तरीका है। अखरोट एक हेल्दी फूड है, जो दिमागी ताकत बढ़ाने का काम करता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सर्दियों में अखरोट का सेवन बहुत ही फायदेमंद होता है। इसके कई सारे स्वास्थ्य लाभ होते हैं। इसका रेगुलर सेवन कई सारी बीमारियों का खात्मा कर सकता है, जिन्हें दूर करने में दवाइयों को बहुत वक्त लग सकता है। अखरोट में पोषण की भरमार होती है, इसका प्रोटीन, फैट और नेचुरल शुगर एनर्जी को इम्प्रूव करते हैं। इनसे बढ़ी हुई एनर्जी ज्यादा देर तक फायदा देती है और अचानक क्रैश नहीं होती। अखरोट में एंटीऑक्सीडेंट्स, विटामिन ई और हेल्दी फैटी एसिड होते हैं, जो हार्ट हेल्थ को बेहतर बनाते हैं। हेल्दी फैट्स एलडीएल कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड को कम भी करता है। साइंस डायरेक्ट के मुताबिक अखरोट दिल की बीमारियों का खतरा कम करता है। अखरोट में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड दिमाग के लिए बहुत अच्छे होते हैं। यह ब्रेन फंक्शन बढ़ाते हैं और याददाश्त तेज होने लगती है। बचपन से ही इस ड्राई फ्रूट का सेवन करना चाहिए, जिससे बुढ़ापे में दिमागी बीमारी से बचाव होगा। सर्दियों में अखरोट खाने के फायदे है जैसे इम्यून सिस्टम में मजबूती। वजन कंट्रोल होता है। डायबिटीज दूर होती है। हेयर हेल्थ बढ़ती है।



**बीसीसीआई ने पोस्ट किया वीडियो**

इस अवॉर्ड का वीडियो बीसीसआई ने अपने एक्स हैंडल पर शेयर किया है, जिसें फैंस ने काफी पसंद किया है। बीसीसीआई को कैप्शन देते हुए लिखा कि ष्काफी प्यारा फील्डिंग मेडल समारोह अब नए अवतार में। नए फील्डर ऑफ सीरीज को पेश करते हैं, जो हैं मोहम्मद सिराज।

## इस बार गेंदबाज नहीं इसमें मिला सिराज को बेस्ट मेडल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज का आखिरी और तीसरा टी20 मैच खेला। ऐसे में भारतीय बल्लेबाजों, गेंदबाजों और फिल्डर्स ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। भारत ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 106 रन से मैच अपने नाम कर लिया। भारत की ओर से यशस्वी जायसवाल ने अर्धशतक और सूर्याकुमार यादव ने तूफानी शतक जड़ा। ऐसे में भारत ने गेंदबाजी के दौरान एक तरफ जहां कुलदीप यादव ने कमाल किया। वहीं, दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत हालांकि अच्छी नहीं रही और टीम का पहला विकेट दूसरे ओवर की तीसरी गेंद पर गिर गया। ऐसे में टीम का दूसरा विकेट तीसरे ओवर की दूसरी गेंद पर गिरा, जिसमें रीजा हेंड्रिक्स तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की थ्रो पर रन आउट हो गए। जी हां सिराज का थ्रो इतना सटीक था कि गेंद सीधा जाकर स्टंप्स पर लगी और रीजा को पवेलियन लौटना पड़ा। ऐसे में ड्रैसिंग रूम में बीसीसीआई द्वारा शुरू की गई अनोखी प्रतिक्रिया का इनाम इस बार सिराज को दिया गया है। जी हां, दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में वेस्ट फील्डर का अवार्ड इस थ्रो के लिए सिराज को दिया गया है। सिराज को इसके लिए मेडल दिया गया।

# सचिन के बाद धोनी को भी बीसीसीआई ने दिया रिटायरमेंट

**क्रिकेट**

## धोनी के रिटायरमेंट के 3 साल बाद बीसीसीआई का बड़ा फैसला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। महान सचिन तेंदुलकर की जर्सी नंबर 10 के बाद बीसीसीआई ने एमएस धोनी की नंबर 7 जर्सी को रिटायर करने का फैसला किया है। एक लाइन में कहा जाए तो जर्सी नंबर 7 अब किसी भी अन्य भारतीय क्रिकेटर को नहीं दिया जाएगा। इंटरनेशनल क्रिकेट में अब कोई खिलाड़ी जर्सी नंबर 7 पहनकर भारत के लिए नहीं खेल सकेगा। आम तौर पर एक क्रिकेटर को भारत के लिए डेब्यू करने से पहले अपनी पसंदीदा जर्सी नंबर चुनने की स्वतंत्रता दी जाती है। आईसीसी नियमों के अनुसार, उन्हें खिलाड़ी को कोई भी नंबर चुनने की अनुमति है, लेकिन अब भारत में ऐसा नहीं होगा।

एक रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई ने युवा भारतीय खिलाड़ियों को सूचित किया है कि वे अब नंबर 7 जर्सी के लिए अनुरोध नहीं कर सकते हैं। तेंदुलकर का नंबर 10 साल 2017 में लिस्ट से बाहर हो गया था। बीसीसीबाई के अधिकारी ने कहा– युवा खिलाड़ियों और वर्तमान भारतीय टीम के खिलाड़ियों को एमएस धोनी की नंबर 7 जर्सी नहीं लेने के लिए कहा गया है। बीसीसीआई ने खेल में उनके योगदान के लिए धोनी की टी–शर्ट को रिटायर करने का फैसला किया है। कोई भी नया खिलाड़ी नंबर 7 नहीं ले सकता है और नंबर 10 पहले से ही उपलब्ध नंबरों की सूची से बाहर था। यह फैसला धोनी के अगस्त 2020 में संन्यास लेने के साढ़े तीन साल बाद आया है। हालांकि, उन्होंने आखिरी बार इंग्लैंड के मैनचेस्टर में न्यूजीलैंड के खिलाफ 2019 विश्व कप सेमीफाइनल में भारत की जर्सी नंबर 7 पहनकर मैदान पर कदम रखा था।



धोनी भारतीय क्रिकेट के सबसे बड़े नामों में से एक के रूप में जाने जाएंगे। वह सफेद गेंद प्रारूप में 3 आईसीसी टूर्नामेंट जीतने वाले एकमात्र कप्तान हैं। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में उद्घाटन 2007 टी20 विश्व कप में एक युवा भारतीय टीम को जीत दिलाई। चार साल बाद श्रीलंका के खिलाफ 2011 विश्व कप के फाइनल में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में धोनी के उस प्रतिष्ठित छक्के के साथ भारत का 28 साल लंबा इंतजार खत्म हुआ।

# वॉर्नर–मार्श की दहाड़ के सामने भीगी बिल्ली बन गई पाकिस्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पर्थ। 14 दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच पर्थ में 3 मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, जोकि काफी असरदार भी साबित हुआ। ऑलराउंडर मिशेल मार्श अपने चौथे टेस्ट शतक से चूक गए। लेकिन उनकी 90 रन की पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को अपनी पहली पारी में 487 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने लंच तक 7 विकेट पर 476 रन बनाए थे लेकिन दूसरे सत्र में उन्होंने 20 गेंद और 11 रन के अंदर अपने बाकी बचे तीन विकेट गंवा दिए।



इनमें मार्श का विकेट भी शामिल था जिन्हें अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे खुर्रम शहजाद (83 रन देकर दो विकेट) ने दूसरे सत्र की पहली गेंद पर बोल्ड किया। मार्श ने अपनी 107 गेंद की पारी में 15 चौके और एक छक्का लगाया। अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे एक अन्य तेज गेंदबाज आमिर जमाल ने इसके बाद बाकी बचे दो विकेट लेने में देर नहीं लगाई।

उन्होंने 111 रन देकर 6 विकेट हासिल किए। ऑस्ट्रेलिया ने सुबह 5 विकेट पर 346 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई थी। पाकिस्तान ने सुबह के सत्र में दो विकेट हासिल किए थे और यह दोनों सफलताएं उन्हें जमाल ने दिलाई थी। इस तेज गेंदबाज ने एलेक्स केरी (34) और मिशेल स्टार्क (12) दोनों को बोल्ड किया।

ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी और स्टार सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने पाकिस्तान के खिलाफ पर्थ टेस्ट में कोहराम मचा दिया। उन्होंने अपने आलोचकों को मुंह तोड़ जवाब देते हुए शानदार शतक जमाया। डेविड वॉर्नर ने 211 गेंदों का सामना कर 164 रन बनाए। 77 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करने वाले वॉर्नर ने अपनी पारी में 16 चौके और 6 गगनचुंबी छक्के भी लगाए।

## कप्तान सूर्या ने अपनी इंजरी पर अपडेट दिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत ने तीसरे टी20 में दक्षिण अफ्रीका को 106 रन से हराया। जीत के बाद कप्तान सूर्या ने अपनी इंजरी पर अपडेट दिया और सीरीज को 1–1 की बराबर करने पर खुशी जाहिर की। साथ ही कप्तान सूर्या ने कहा कि मैं ठीक हूं। मैं चल पा रहा हूं, यह अच्छी बात है। जब जीत के बाद बोलने का मौका मिलता है इससे मुझे ज्यादा खुशी होती है। हम बिना डर के क्रिकेट खेलना चाहते थे। हम पहले ही चाहते थे कि हम पहले बल्लेबाजी करें, बोर्ड पर रन लगाए और फील्डिंग करें। टीम के सभी खिलाड़ियों दिन–रात प्रैक्टिस करते हैं। खुश हूं कि उन्होंने मैदान पर कुछ किरदार दिखाए। कप्तान सूर्या ने आगे कुलदीप के बारे में बोलते हुए कहा कि वह कभी खुश नहीं होता। उन्हें हमेशा विकेट की भूख रहती है। यह उन्होंने जन्मदिन पर खुद को एक अच्छा गिफ्ट दिया। मेरा मतलब है कि अपने खेल को जानना अच्छी बात है। मैं मैदान पर जाता हूं और मैच का मजा लेता हूं।

## न्यूज डायरी



## केएल राहुल ने मैच के बाद सूर्या की तारीफ की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे टी20 में जीत हासिल की। जीत के हीरो सूर्यकुमार यादव रहे। तीसरे मैच में सूर्या ने शानदार शतक जड़ा। सूर्या ने अपनी पारी में मैदान के हर और बड़े शॉर्ट्स लगाए। सूर्या ने 56 गेंदों में 7 चौके और 8 छक्के जड़े। मैच के बाद सूर्या को प्लेयर ऑफ द सीरीज और प्लेयर ऑफ द मैच के लिए अवार्ड दिया गया। ऐसे में सूर्या के तूफानी शतक के बाद हर तरफ उनकी वाह–वाही हो रही है। इस बीच वनडे सीरीज के लिए टीम की कप्तानी करने वाले केएल राहुल ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में सूर्या की तारीफ की है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। सूर्या के शतक के बाद उन्होंने जब अपना बल्ला ऊपर कर शतक का जश्न मनाया तो स्टेडियम में लोगों ने खड़े होकर उनके लिए तालियां बजाई। राहुल ने सूर्या के शतक के बाद के जश्न का वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा टॉप क्लास कप्तान। साथ ही उन्होंने सूर्या को टैग भी किया है। सूर्या की इस पारी और कुलदीप की पांच विकेट हॉल के चलते भारत ने 106 रन से मैच अपने नाम कर लिया और सीरीज को 1–1 की बराबरी पर खत्म किया। हालांकि फील्डिंग करते हुए सूर्या बुरी तरह चोटिल हो गए और उन्हें कंधों पर उठाकर ले जाना पड़ा। हालांकि मैच के बाद उन्होंने कहा कि वे अब चल पा रहे हैं।

## महानता की मूरत हैं नीरज चोपड़ा, सदियों तक लोग सजदे में झुकते रहेंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर और ओलिंपिक मेडल विनर नीरज चोपड़ा हमेशा चर्चा में बने रहते हैं। वह भारतीय एथलेटिक्स का एक नया चेहरा बनकर सामने आए हैं। नीरज की वजह से लोगों ने जैवलिन थ्रो देखना शुरू किया है। इसमें कोई शक नहीं कि वह भारत के एक नए रोल मॉडल हैं। वहीं नीरज को लेकर अब दिग्गज एथलीट कॉलिन जैक्सन ने भी सराहा है। कॉलिन अपनी जिंदगी में कभी ओलिंपिक गोल्ड मेडल तो नहीं जीत पाए। लेकिन उन्होंने नाम बहुत कमाया है। वह 110 मीटर हर्डलर में कई बार वर्ल्ड चौंपियन रहे हैं। इसके अलावा उन्होंने तमाम दूसरे खिताब भी जीते हैं। कॉलिन जैक्सन से सवाल किया गया है कि, श्भारत को हाल ही में नीरज चोपड़ा के रूप में एक रोल मॉडस मिला है। क्या ऐसे रोल मॉडल्स लंबे समय में मदद करते हैं? हां, जरूर। यहां आपके पास कोई है जिसे लोग देख सकते हैं। लेकिन आपको याद रखना होगा कि आप उन देशों के साथ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं जिन्होंने सदियों से ट्रैक और फील्ड स्टार्स स्थापित किए हैं। आप सीधे उनके साथ कैसे कम्पीट करेंगे? उन्होंने आगे कहा, श्एकदम से ही सब कुछ नहीं हो जाता। एक बार जब आपके पास सुपरस्टार बनाने में निरंतरता होगी, तभी खेल जमीनी स्तर पर विकसित होगा। जमैका में अब महान धावकों का इतिहास है, लेकिन 1952 में हर्ब मैक्केनली के रूप में उन्हें पहला चैंपियन मिला था। इसलिए, हम रातोंरात परिणामों की उम्मीद नहीं कर सकते। हमें धैर्य रखना होगा।

## अंग्रेजों के खिलाफ इस भारतीय ने बना डाला हरमन सेना से भी बड़ा रिकॉड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नवी मुंबई। 9 साल में भारत की महिला टीम का पहला घरेलू टेस्ट वृंदा घनश्याम राठी के लिए खास बन गया है। डीवाई पाटिल स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के बीच एकमात्र टेस्ट के पहले दिन वृंदा राठी ने इतिहास रच दिया। वह भारतीय महिला क्रिकेट के इतिहास की पहली महिला टेस्ट अंपायर बनीं। वह जिस शहर में पैदा हुई थीं, उसी नवी मुंबई में अपना अंपायरिंग टेस्ट डेब्यू करना राठी के लिए इस अवसर को और भी खास बनाता है। राठी ने 2014 में मुंबई क्रिकेट असोसिएशन द्वारा आयोजित अंपायर परीक्षा पास की और चार साल बाद 2018 में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा आयोजित अंपायर परीक्षा पास की। तब से 34 वर्षीय ने 13 वनडे और 43 टी–20 इंटरनेशनल (दोनों महिला क्रिकेट) में अंपायरिंग की है। 2020 में उन्हें 2020 में ICC डेवलपमेंट पैनल ऑफ अंपायर्स में पदोन्नत किया गया था। 2022 में राठी बर्मिंघम में यूनाइटेड किंगडम में कॉमनवेल्थ गेम्स में भी दिखाई दी थीं।

उन्हें इस साल एक के बाद एक अंपायरिंग रिकॉर्ड बनाते देखा गया है। 10 जनवरी 2023 को वह नारायण जनानी के साथ भारत में पुरुषों के घरेलू फिक्स्चर में ऑन–फील्ड अंपायर के रूप में खड़ी होने वाली पहली महिला अंपायर बनीं।

पेज थ्री देहरादून

देहरादून, शनिवार, 16 दिसंबर 2023

पेज 8

# हमारा दून

ढालवाला में वनभूमि से कब्जा हटाने पर हंगामा।



## संक्षिप्त समाचार

### विधायक ने किया शिवनाथ संस्कृत महाविद्यालय में हॉल का शिलान्यास

**संवाददाता** देहरादून। विधायक खजानदास ने प्रीतम रोड स्थित श्री शिवनाथ संस्कृत महाविद्यालय में 26 लाख की लागत से बनने वाले हॉल निर्माण का शिलान्यास किया। इस मौके पर विधायक ने महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों एवं समस्त स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि हॉल निर्माण से विद्यालय में होने वाले तमाम शैक्षिक एवं अन्य कार्यक्रमो का लाभ छात्रों को मिलेगा। खजानदास ने बताया कि एमडीडीए द्वारा राजपुर रोड विधानसभा में अवस्थापना मद में 2.17 करोड़ से अधिक के कार्यो की स्वीकृतियां करा ली गई है। जिनके अनुबन्ध के कार्य अन्तिम चरण में हैं।

### भाजपा ने सरदार पटेल को किया याद

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा अम्बेडकर नगर मंडल अध्यक्ष पंकज शर्मा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने लौह पुरुष व देश के प्रथम गृह मंत्री भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल पुण्यतिथि पर याद किया व घंटाघर स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान राजपुर रोड विधायक खजानदास ने कहा कि आजाद भारत को एकजुट करने में सरदार पटेल के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। प्रदेश कोषाध्यक्ष पुनीत मित्तल ने कहा कि हमें सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके बताए पदचिन्हों पर चलना चाहिए। मौके पर मंडल अध्यक्ष पंकज शर्मा, मंडल महामंत्री वैभव अग्रवाल, अभिषेक नौडियाल, सन्नी सेठी आदि उपस्थित रहे।

### टैली सोल्युशन्स ने लॉन्च किया टैलीप्राइम 4.0

**संवाददाता** देहरादून। एमएसएमई की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत के प्रमुख बिजनेस मैनेजमेन्ट सॉफ्टवेयर प्रोवाइडर टैली सोल्युशन्स ने आज टैलीप्राइम4.0 के ग्लोबल लॉन्च की घोषणा की है। बिजनेस मालिकों और कस्टमर्स को बेजोड़ एवं उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य के साथ टैली ने यह लॉन्च किया है। कंपनी ने अगले 2–3 सालों में कस्टमर बेस में 50 फीसदी और सीएजीआर में 40 फीसदी बढ़ोतरी का लक्ष्य तय किया है।

### आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी ने उत्तराखंड में उपस्थिति बढ़ाई

**संवाददाता** देहरादून। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी (आईसीआईसीआई एचएफसी), जो 25,000 करोड़ एयूएम वाली भारत की सबसे तेजी से बढ़ती एचएफसी में से एक है, ने अपनी विस्तार योजनाओं के अंतर्गत हल्द्वानी, रुड़की, रुद्रपुर और विकासनगर में नई शाखाएं खोली हैं। यह उत्तराखंड राज्य में आईसीआईसीआई एचएफसी की 8वीं शाखा है। कुल मिलाकर देश भर में इसकी शाखाओं की संख्या 200 से अधिक है।

# 'बिल लाओ ईनाम पाओ' योजना के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ी

**घोषणा**

■ "बिल लाओ ईनाम पाओ" योजना के बारहवें और तेरहवें लकी ड्रॉ की घोषणा की गई

■अक्टूबर तथा नवम्बर माह में उपभोक्ताओं द्वारा अपलोड किये गये बिलों को किया गया शामिल

**संवाददाता**

देहरादून। विधान सभा स्थित सभागार कक्ष में शुक्रवार को वित्त मंत्री डॉ. प्रेम चन्द अग्रवाल द्वारा 01 सितम्बर 2022 से शुरू की गई "बिल लाओ ईनाम पाओ" योजना के बारहवें और तेरहवें लकी ड्रॉ की घोषणा ऑनलाईन माध्यम से की गई जिसमें अक्टूबर तथा नवम्बर माह में उपभोक्ताओं द्वारा अपलोड किये गये बिलों को शामिल किया गया।



मंत्री ने कहा कि आज का समारोह ऐसे उपभोक्ताओं में से बारहवें और तेरहवें मासिक लकी ड्रॉ के विजेताओं का चयन किये जाने के लिए आयोजित किया गया है, जिनके द्वारा पंजीकृत व्यापारियों से की गयी खरीद पर प्राप्त बिल को BLIPUK App पर अपलोड किया गया था। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं में "बिल लाओ ईनाम पाओ" योजना के प्रति लोकप्रियता दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि नवम्बर माह में 64828 बिलों को शामिल किया गया जिनका मूल्य 26 करोड़ 50 लाख रूपये है जोकि एक रिकॉर्ड है।

मंत्री ने कहा कि योजना की लोकप्रियता को देखते हुए योजना के अंतर्गत मासिक पुरस्कार दिए जाने की अवधि को दिनांक 30 नवम्बर, 2023 से बढ़ाकर दिनांक 31 मार्च, 2024 तक किया गया है। मंत्री ने कहा कि ग्राहकों को मासिक पुरस्कार के अंतर्गत 1500 पुरस्कार दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज के पश्चात भी प्रत्येक माह 31 मार्च, 2024 तक उपभोक्ताओं के पास बिल अपलोड करने पर मासिक पुरस्कार के रूप में 500 मोबाईल फोन, 500 स्मार्ट वॉच तथा 500 ईयर फोन को जीतने का अवसर होगा। वित्त मंत्री ने लकी ड्रॉ की घोषणा करते हुए जनता से प्रत्येक खरीद पर बिल प्राप्त करने की अपील भी की।

मंत्री ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि "बिल लाओ ईनाम पाओ" योजना के प्रति लोगों की जागरूकता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में यह इस तरह की यह एक मात्र योजना है। उन्होंने कहा कि पूर्णतः पारदर्शी तरीके से लकी ड्रा निकाले जा रहे हैं जिसके लिए उन्होंने जीएसटी विभाग का भी आभार व्यक्त किया।

लकी ड्रा आयोजन में डॉ. अहमद इकबाल, आयुक्त राज्य कर सहित अन्य विभागीय अधिकारियों के रूप में अनिल सिंह, अपर आयुक्त राज्य कर, अमित गुप्ता, अपर आयुक्त राज्य कर, अनुराग मिश्रा, संयुक्त आयुक्त राज्य कर तथा एसएस तिरुवा, संयुक्त आयुक्त राज्य कर उपस्थित रहे।

### विजय दिवस पर मुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को शुभकामनाए

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विजय दिवस के अवसर पर भारतीय सेना, भूतपूर्व सैनिकों, एवं प्रदेशवासियों को बधाई दी है। उन्होने कहा कि भारत के सैन्य इतिहास में 16 दिसम्बर भारतीय सशस्त्र सेनाओं के साहस, समर्पण और बलिदान को याद करने का ऐतिहासिक दिन है। इस दिन भारतीय सैनिकों के साहस व बहादुरी के सामने नतमस्तक होकर पाकिस्तानी सेना के हजारों सैनिकों को आत्मसमर्पण करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा के लिए हमारे वीर सैनिक हमेशा तत्परता के साथ अपना योगदान देते है जिस पर हमें गर्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड, देवभूमि के साथ ही वीर भूमि भी है। यहां सदैव देशभक्ति व राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना रही है। देश की सीमाओं की रक्षा के लिए वीर सैनिकों द्वारा किए गए सर्वोच्च बलिदान को हमेशा याद रखा जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की रक्षा के लिए हमारे वीर सैनिक हमेशा तत्परता के साथ अपना योगदान देते हैं। देश की सीमाओं की रक्षा के लिए वीर सैनिकों द्वारा किए गए सर्वोच्च बलिदान को हमेशा याद रखा जायेगा।

# क्षेत्रवासियों को योजनाओं का लाभ दिलवाएं अधिकारी: प्रेमचंद

**संकल्प यात्रा**

■विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न जगहों पर हुए कार्यक्रम

**संवाददाता**

ऋषिकेश। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम में विभिन्न विभागीय स्टॉल लगाकर लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। शुक्रवार को ऋषिकेश रेलवे रोड पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में पहुंचे कबीना मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि यह यात्रा लोगों के पास जाने,



जागरूकता पैदा करने और स्वच्छ सुविधाओं, आवश्यक वित्तीय सेवाओं, बिजली कनेक्शन, एलपीजी सिलेंडर तक पहुंच, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छ पेयजल जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने पर केंद्रित है। इस यात्रा में जनसाधारण को लाभ पहुंचाने वाली शहरी क्षेत्र के लिए कुल 17 योजनाओं के संबंध में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 22 विभागों के माध्यम से संचालित की जाने वाली लाभार्थी योजनाओं की जानकारी जनसाधारण को दी जा रही है। इस दौरान समाज कल्याण, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, महिला सशक्तिकरण व बाल विकास, खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगाकर लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र राणा, मंडल अध्यक्ष सुमित पंवार, जिला संयोजक रतन सिंह चौहान, जिला महामंत्री दीपक धमीजा, सतीश पाल, मंडल अध्यक्ष श्यामपुर दिनेश पयाल, जिला उपाध्यक्ष मनोज ध्यानी, कार्यक्रम संयोजक सुधा असवाल, दीपक बिष्ट, माधवी गुप्ता, शिव कुमार गौतम, राजेन्द्र बिष्ट, कृष्ण कुमार सिंघल, एसडीएम योगेश मेहरा, मुख्य नगर आयुक्त राहुल गोयल, राजेश दिवाकर, नंद किशोर जाटव, विनोद भट्ट, संजीव पाल, राजू नरसिम्हा, जगावर सिंह, आदि उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्तराखंड को जेआरडी टाटा मेमोरियल अवार्ड

**संवाददाता** देहरादून। स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने पर उत्तराखंड को जेआरडी टाटा मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। 18 दिसम्बर को इंडिया हैबिटैट सेंटर नई दिल्ली में आयोजित होने वाले सातवें जेआरडी टाटा अवार्ड कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत इस सम्मान को प्राप्त करेंगे। अवार्ड के साथ पांच लाख की धनराशि भी राज्य को दी जाएगी। यह पुरस्कार राज्य को 42 विभिन्न स्वास्थ्य सूचकांकों में देश भर में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए दिया जा रहा है। विषम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने को उत्तराखंड को यह सम्मान दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के प्रयास में जुटी है। इसी का परिणाम है कि हाई फोकस बड़े राज्यों की श्रेणी में स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर प्रदर्शन करने पर राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर चुना गया है।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालय:**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।